हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 अप्रैल 2024

11 बच्चों का दाखिला पंजीकृत प्ले स्कूलों में ...



12 सीवर व पेयजल समस्या का समाधान ...



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री सैनी की दादरी रैली स्थगित

**चरखी दादरी।** भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. किरण कलकल ने बताया कि 14 अप्रैल को दादरी में मुख्यमंत्री सैनी की होने वाली रैली को मुख्यमंत्री की व्यस्तता के कारण स्थगित किया गया है।

### सुबह 8 से लेकर 6 बजे तक बिजली रहेगी बंद

**बवानीखेड़ा।** गांवों में 9 अप्रैल से लेकर के 30 अप्रैल तक दिन में दी जाने वाली बिजली सप्लाई सुबह 8 बजे से लेकर शाय 6 बजे तक बाधित रहेगी। एसडीओ राजेंद्र कुमार व 33 केवी बवानी खेड़ा सब.स्टेशन इंचार्ज चांदराम ने बताया कि खेतों में गेहूं की फसल पककर तैयार हो चुकी है। किसी प्रकार की अनहोनी न हो जाए इसलिए गांव में दी जाने वाली दिन की सप्लाई बंद कर दी गई है।

### चोरों ने लाखों के गहने और नकदी उड़ाई

**तोशाम।** गांव निगाना कलां तथा निगाना खुर्द में सोमवार अलसुबह चोरों ने दो अलग-अलग मकान से लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण तथा नकदी चोरी कर ली। निगाना कलां निवासी दीपक ने पुलिस को बताया कि गत सोमवार चोर मकान में घुसकर दो चांदी की अंगूठी, सोने की अंगूठी, सोने की चेन, दो जोड़ी पायजेब, सोने का मंगलसूत्र, चांदी का नारियल, सोने की तबीजी, सोने की बाली तथा 65000 रुपये चोरी करके ले गए। वहीं गांव निगाना खुर्द में भी चोरों ने समेरानंद के मकान में घुसकर दो चांदी की अंगूठी, दो सोने की अंगूठी, सोने की तबीजी, मंगलसूत्र और नकदी चोरी कर ली।

# जीएसटी के विरोध में तोशाम मंडी में खरीद बंद, किसानों ने लगाया जाम

## एसडीएम ने किसानों से बातचीत के साथ आश्वासन देकर तुरंत जाम खुलवाया





**तोशाम।** फसल खरीद पर पांच प्रतिशत जीएसटी के विरोध को लेकर जाम लगा रहे किसानों को समझाते एसडीएम और किसानों की समस्याएं सुनते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी/तोशाम

फसल खरीद पर पांच प्रतिशत जीएसटी के विरोध में मंगलवार को तोशाम अनाज मंडी में आढ़तियों ने सरसों की खरीद बंद कर मंडी के गेट पर ताला लगाकर बंद कर दिया और उसके बाद किसानों ने तोशाम.सिवानी मार्ग पर जाम लगा दिया। किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

इस दौरान एसडीएम मनोज कुमार दलाल मौके पर पहुंचे तथा किसानों को आश्वासन देकर जाम खुलवाया। उल्लेखनीय है कि सरसों खरीद के दौरान परचेज एजेंसी हरियाणा स्टेट वेयर हाउस द्वारा आढ़तियों पर पांचप्रतिशत जीएसटी लगाए जाने के विरोध में आढ़तियों ने सरसों की खरीद बंद कर दी थी। जिसके कारण ट्रैक्टरों की लंबी लाइने मार्गों पर लग गई। जाम के कारण राहगीरों को बहुत परेशानी हुई। एसडीएम मनोज दलाल ने मौके पर पहुंचकर किसानों व आढ़तियों को आश्वासन देकर सरसों की खरीद शुरू करवाई। मंगलवार सुबह सरसों खरीद रही परचेज एजेंसी ने आढ़तियों को पांच प्रतिशत जीएसटी लगाने की बात कही तो आढ़तियों ने सरसों खरीद बंद कर दी। खरीद नहीं होने पर किसानों ने अनाज मंडी का गेट बंद कर रोड़ पर जाम लगा दिया। वहीं मंडी में उठान नहीं होने पर मंड़ी सरसों से अटी पड़ी है।

इस दौरान गांव संडवा निवासी किसान शत्रुघ्न ने कहा कि हम सभी किसान सुबह 4 बजे से तोशाम अनाज मंडी में अपनी सरसों की फसल बेचने के लिए आए हुए हैं लेकिन अब सरसों की फसल खरीद करने से मना कर दिया कहा जा रहा है कि सरकार फसल खरीद पर 5 प्रतिशत जीएसटी लग रही है। गेट पास काटे नहीं जा रहे और हमें कहा जा रहा है कि फसल को वापस घर ले जाओ किसान बेचारा कहां जाए। परेशान होकर हमने रोड जाम किया है।

### कटवाए जा रहे हैं गेट पास

इस बारे जब मार्केट कमेटी सचिव सुदेश रानी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि परचेज एजेंसी व आढ़तियों के बीच में कम्युनिकेशन गैप था। उनको यह भ्रम था कि फसल पर पांच प्रतिशत जीएसटी कटेगी उनकी उच्च अधिकारियों से बात करवा दी गई है और जाम खुलवा दिया गया है। साथ ही गेट पास कटवाने शुरू करवा दिए गए हैं।



### जीएसटी लगाना गलत

आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान चेतन शर्मा ने बताया कि जीएसटी भरने के लिए आढ़ती सक्षम नहीं। जीएसटी लगाना गलत है।

# काटकर एकत्रित की गई फसल में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा



**बाढड़ा।** सरसों जलने के बाद खेत में पड़ी राख। फोटो : हरिभूमि

■ तीन एकड़ सरसों की फसल में रात के समय लगाई आग, किसान ने अज्ञात पर दर्ज करवाया केस

गांव झोझू कलां में किसान द्वारा खेत में काटकर एकत्रित की गई सरसों की फसल में आग लगाने का मामला सामने आया है। किसान ने अज्ञात पर सरसों की फसल जलाने के आरोप लगाते हुए उसकी तलाश कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

पुलिस को दी शिकायत में गांव झोझू कलां निवासी राहुल ने बताया कि वह खेतीबाड़ी कर परिवार का पालन.पोषण करता है। उसने गांव के ही व्यक्ति सुखबीर की जमीन पर बंटाई की खेती कर रखी है। उसने तीन एकड़ की सरसों की फसल की कटाई कर रखी थी और खेत में दो जगह एकत्रित कर रखी थी। बीते तीन व चार अप्रैल की रात के समय आग लगने के कारण दोनों ढेरियां जलकर राख हो गई। जिससे उसे काफी नुकसान हुआ। शुरुआत में तो उसे लगा कि अज्ञात कारण से आग लगने के कारण उसकी सरसों की फसल जली है जिसके चलते उसने पुलिस को शिकायत नहीं दी। लेकिन उसने पूरी तसल्ली की तो पता चला है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जानबूझकर उसकी सरसों जलाई गई है।

किसान ने पुलिस को शिकायत देकर आग लगाने वाले की तलाश कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने व नुकसान की भरपाई की मांग की है।



### आदर्श महिला कॉलेज की छात्राओं ने साइकिल चेतना रैली निकालकर मतदान करने को किया प्रेरित

**भिवानी।** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान को लेकर स्वीप अभियान के तहत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आदर्श महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने साइकिल चेतना रैली निकाल कर मतदान करने को प्रेरित किया। मंगलवार को आदर्श महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने साइकिल चेतना रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान करने को जागरूक किया। साइकिल चेतना रैली शहर में मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान छात्राओं ने नागरिकों से आह्वान किया कि वह 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने मत का अवश्य प्रयोग करें।



**भिवानी।** किसानों से बातचीत करते ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के पदाधिकारी।

# जहररहित खेती के प्रशिक्षण केंद्र का किसानों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज : भिवानी

■ रासायनिक खादों के जहरीले खाद्य पदार्थो से मुक्ति दिलवाने को दिया जा रहा प्रशिक्षण : सिंह

हिंदु नववर्ष पर मंगलवार को ग्राम स्वराज किसान मोर्चा द्वारा गांव भेरा स्थित गाय आधारित केंचुआ पद्धति की टिकाऊ खेती गौ उत्पाद केंद्र में जारी जहररहित खेती के प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर किसानों को केंचुआ खाद, स्प्रे बनाने का प्रशिक्षण भी दिया।

गांव भेरा में राकेश जनावा के खेत में जारी प्रशिक्षण केंद्र पर मंगलवार को मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन होशियार सिंह सांगवान पहुंचे। उन्होंने किसानों को कहा कि प्रशिक्षण केंद्र का उद्देश्य किसानों को जहररहित खेती करने का प्रशिक्षण देना है, ताकि रासायनिक खादों से उत्पन्न होने वाले जहरीले खाद्य पदार्थो से पीछा छुड़वाया जा सकें।

उन्होंने बताया कि उनके द्वारा 800 एकड़ में गेहूं की खेती करवाई जा रही है, ये गेहूं रासायनिक खेती से अधिक उत्पादन होगा। महासचिव महेंद्र गोदारा ने कहा कि बेरोजगारी-बीमारी उन्मूलन अभियान के तहत गांवों को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान छेड़ा गया है, जिसके तहत गांव पटौदी, भेरा व खावा में 3 हजार एकड़ में कपास, बाजरा, मूंग, मोठ की फसल की बिजाई करवाई जा रही है। मोर्चा के युवा प्रदेशाध्यक्ष युद्धवीर खरेटा ने कहा कि गांव खावा में निमार्णाधीन किसान भवन में टिकाऊ खेती व वैदिकपैथी के प्रशिक्षण केंद्र जल्द शुरू हो जाएंगे। इस मौके पर पूर्व सरपंच जयदेव, पूर्व सरपंच राजबीर, सत्यवान, गुलाब सिंह कैथल, निशांत लांबा देवावास, बलबीर, कुलदीप, सचिन, संदीप, बलबीर, बलवान मिस्त्री, बलवान सिंढ़ाण व जयबीर आदि मौजूद रहे।

# डीएमसी हर्षित ने किया लोहारू नपा कार्यालय का निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू



**भिवानी।** लोहारू नपा कार्यालय में दस्तावेजों का निरीक्षण करते एसडीएम हर्षित कुमार।

एडीसी एवं डीएमसी हर्षित कुमार ने मंगलवार को लोहारू नगरपालिका कार्यालय का निरीक्षण और रिकॉर्ड की जांच की। इस दौरान उन्होंने नपा सचिव तेजपाल सिंह, बीआई राकेश कुमार सहित स्टाफ को प्रॉपर्टी टैक्स, सेल्फ सर्टिफिकेशन सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। बता दें कि मंगलवार को एडीसी हर्षित कुमार ने एसडीएम अमित कुमार के साथ लोहारू कस्बे का दौरा किया। उन्होंने लोहारू नगरपालिका कार्यालय का निरीक्षण करते हुए रिकॉर्ड की जांच की। उन्होंने नगर पालिका सचिव तेजपाल सिंह और स्टाफ को प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर आवश्यक निर्देश दिए और सेल्फ सर्टिफिकेशन के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों के लिए चलाई जा रही पीएम स्वनिधि योजना के बारे में बताया और कहा कि इस योजना का पात्र उम्मीदवारों को लाभ दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नगर पालिका द्वारा शहर में चल रहे विकास कार्यों पर चर्चा की और रिकॉर्ड की भी जांच की। इसके अलावा उन्होंने लोहारू में सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस मौके एसडीएम अमित, बीआई राकेश, जेई कृष्ण आदि मौजूद रहे।

# सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की प्रचार टीम ने वोटरों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



लोकसभा आम चुनाव में मतदाताओं को जागरूक कर मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की प्रचार टीम गांव-गांव जाकर लोगों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाकर वोट डालने के लिए जागरूक कर रही हैं।

विभाग की टीम को विशेष तौर पर उन मतदान केन्द्र क्षेत्रों में प्रचार का जिम्मा सौंपा है, जहां पिछले चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत कम रहा था। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत दर्जनभर गांव में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा चुका है। डीआईपीआरओ संदीप हुड्डा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वोट बनवाने व मतदान करने के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिला में जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं तथा रचनात्मक गतिविधियों के द्वारा लोगों को जागरूक किया रहा है। उन्होंने कहा कि एक-एक मतदाता तक पहुंचकर उनके वोट की महता और लोकतंत्र के महापर्व के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि चुनाव पर्व देश का गर्व थीम को सही मायनों में चरितार्थ किया जा सके। विभाग की ये प्रचार टीम लगातार लोगों को मतदान के लिए जागरूक करती रहेंगी।

# उच्च न्यायालय के निर्देश पर बनाई कमेटी ने की जमीन की पैमाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू



**भिवानी।** लोहारू में खसरा 735 की पैमाइश करते अधिकारी।

उच्च न्यायालय के आदेश पर उपायुक्त द्वारा बनाई पांच सदस्यों की कमेटी के सदस्यों ने मंगलवार को शहर के रेस्ट हाउस के सामने स्थित जमीन की पैमाइश करते हुए निशानदेही की। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा कई सामाजिक संगठनों के लोग मौके पर मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार पिछले दिनों लोहारू निवासी पूर्व चेयरमैन दौलतराम सौलंकी, महेश कुमार आदि ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए एक सिविल रिट पीटीशन न्यायालय में दायर की थी। जिला उपायुक्त ने उच्च न्यायालय के आदेश पर लोहारू शहर के खसरा न. 735 की पैमाइश के लिए एडीसी भिवानी हर्षित कुमार, एसडीएम लोहारू अमित कुमार, तहसीलदार विक्रम सिंगला, नायब तहसीलदार संजय कुमार और कानूनगो की पांच सदस्यीय कमेटी बनाई थी। उप तहसीलदार संजय कुमार ने बताया कि कमेटी ने मंगलवार को खसरा न. 735 की जमीन की पैमाइश करके निशानदेही भी की गई है, जिसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी। रेस्ट हाउस के सामने वाली जमीन को लेकर एक मामला लंबे समय से चल रहा है। जिसको लेकर पूरे शहर की निगाहें इस पर थी।

### हिन्दू नूतन वर्ष पर शिक्षा बोर्ड में किया हवन का आयोजन

**भिवानी।** नूतन वर्ष के शुभारम्भ पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड प्रांगण में आज हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव सहित सभी अधिकारियों व सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल के अध्यापक, छात्र व छात्राओं ने आहुति अर्पित की। इस अवसर पर समाजसेवी सत्यनारायण मित्तल, प्रदीप शर्मा, सुरेशपाल उपस्थित रहे। डॉ. यादव ने बताया कि चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिन्दू नव.वर्ष की शुरूआत होती है। मान्यता है कि इसी तिथि पर ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी। इसी दिन से विक्रम संवत के नए साल की शुरूआत होती है। धरती के अपनी धुरी पर घुमने और धरती के सुर्य का एक चक्र लगाने के बाद जब दूसरा चैत्र प्रारम्भ होता है तभी हिन्दू नव.वर्ष मनाया जाता है।



**भिवानी।** दुर्गा मंदिर में अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित करती श्रद्धालु।

# माता रानी के जयकारों से गूंजे मंदिर भक्तों ने ज्योत जला मांगी मन्नतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

■ मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर मांगी परिवार की सुख समृद्धि की कामना

मंगलवार को चैत्र नवरात्र शुरु हुए और शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मंदिर माता रानी के जयकारों से गूंज उठे। मंगलवार को पहले दिन भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की एवं मंदिरों व घरों में अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित कर अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। शहर के मंदिरों में अच्छी खासी भक्तों की भीड़ देखी गई, जिन्होंने माता रानी के दर्शन कर मनोकामनाएं की।

उल्लेखनीय हैं कि मंगलवार नौ अप्रैल से चैत्र नवरात्र शुरू होकर 17 अप्रैल रामनवमी को संपन्न होंगे। नौ अप्रैल पहले दिन सुबह 6 बजकर पांच मिनट से 10:16 बजे तक घटस्थापना का शुभ मुहूर्त रहा, जिसमें भक्तों ने घटस्थापना कर मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। मंदिरों में पूरे दिन माता रानी के जयकारों गूंजते रहे और मंदिरों में अच्छी खासी भीड़ रही। वहीं शहर के मंदिरों को लाइटिंग व लड्डियों से सजाया गया तथा सुंदर पोशाक से मां दुर्गा का दरबार सजाया गया। बुधवार को नवरात्रों के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की जाएगी। वहीं माता रानी के भक्तों ने पूरे दिन उपवास रखकर मां से परिवार की सुख समृति की मंगल कामना की।

श्रद्धालुओं ने दिनभर उपवास रखा और फलाहार किया। सांय उपवास रखने वाले माता के भक्तों ने कुटूट् के आटा की रोटी, आलू, सेंधा नमक व काली मिर्च की सब्जी, सामक, पापड़, पेठा मिठाई का सेवन किया।

## मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने का दायित्व भूले जनप्रतिनिधि व अधिकारीः पार्षद

# बरसाती पानी निकासी की लाइन का कनेक्शन करना भूला विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** मूलभूत सुविधाएं न मिलने पर विरोध जताते पार्षद अंकुर कौशिक व क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि


आमजन को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाना प्रशासन का दायित्व है और जनप्रतिनिधियों का भी कर्तव्य है कि वे ये सुनिश्चित करे कि आमजन को मिलने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की कोताही तो न बरती जाए, लेकिन इन दिनों विकास नगर की हालत देखकर ऐसा लगता है कि सरकार व प्रशासन अपनी दायित्व को पूरी तरह से भूल चुके, जिसका खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। हाल ही में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा विकास नगर में बरसाती पानी की निकासी के लिए डाली गई पाइप लाइन क्षेत्रवासियों के लिए जी का जंजाल बनी हुई। इसके विरोध में मंगलवार को विकास नगरवासियों ने पार्षद अंकुर कौशिक की अगुवाई में संबंधित विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

पार्षद अंकुर ने कहा कि विकास नगर क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी के लिए करीबन एक वर्ष पहले जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा पाइप लाइन डाली थी, जिस पर करीबन पांच लाख की लागत आई थी, जिसका कनेक्शन चिड़ियाघर डिस्पोजल में होना था, लेकिन विभाग के कर्मचारियों द्वारा इस पाइप लाइन का कनेक्शन ही नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि पाइप लाइन को डालने के लिए विकास नगर में जगह-जगह गड्ढे.खोदे गए, जिसमें हमेशा पानी जमा रहता हैं और मक्खी-मच्छर की भरमार रहती है तथा क्षेत्रवासियों को बीमारियां फैलने का भय बना रहता है। इसके अलावा क्षेत्र की सफाई भी नहीं हो पा रही।

उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग द्वारा बरसाती पानी की निकासी के लिए बिछाई गई पाइप लाइन का न कनेक्शन जोड़ा और न ही पाइप लाइन हटाई जा रही है, जिसके चलते नागरिकों में खासा रोष है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी कि जल्द इस समस्या का समाधान नहीं किया तो वे मजबूरन आगामी कार्रवाई करने को मजबूर होंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पार्षद जयवीर रंगा, राजबीर बोहरा, बलबीर बजाड़, प्रीतसिंह, रत्न ऑडिटर, अनुप राठी, अंकित गुप्ता, मनीष शर्मा आदि मौजूद रहे।



# ‘राणा नायडू’ की दूसरी किस्त में डिनो मोरिया बनेंगे पुलिस अफसर

**मुंबई।** राणा दग्गुबाती की वेब सीरीज ‘राणा नायडू’ 10 मार्च, 2023 को नेटफ्लिक्स में रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों का खूब प्यार मिला। अब दर्शक इसकी दूसरी किस्त का इंतजार कर रहे हैं, जिसका ऐलान कुछ दिन पहले ही हुआ है। ताजा खबर यह है कि ‘राणा नायडू 2’ में अभिनेता डिनो मोरिया की एंट्री हो चुकी है। वह सीरीज में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे। उन्होंने ‘राणा नायडू 2’ की शूटिंग शुरू कर दी है। बॉलीवुड के एक सूत्र ने कहा, वेब सीरीज ‘राणा नायडू 2’ में डिनो मोरिया को एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में देखा जाएगा। उन्होंने शूटिंग शुरू कर दी है।

लाइफ Style

# कृति सेनन


## बॉक्स ऑफिस पर भी राज कर रहीं एक्ट्रेस

बालीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेस कृति सेनन ने मिमी फिल्म में एक सरोगेट मदर की भूमिका निभाई है और इसने अपनी आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस की वजह से उन्हें नेशनल अवॉर्ड तक से नवाजा जा चुका है। ऐसे में साल 2024 में एक्ट्रेस अपनी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और क्रू के साथ लोगों के दिलों पर ही नहीं बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी राज कर रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति ने अपनी डेब्यू फिल्म से लेकर अब तक अपने क्राफ्ट पर काफी मेहनत की है और आज उसका फल उन्हें सफलता के रूप में चखने मिल रहा है। आज की तारीख में बहुत कम एक्टर्स हैं जिनकी फिल्में लगातार हिट होती हैं, और कृति ने यह साबित कर दिया है कि वह अपनी एक्टिंग स्किल से यह मुमकिन बना सकती हैं। कृति हमेशा अपने आप को किरदार के मुताबिक ढलती हैं। उन्होंने अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर अलग तरह के किरदार निभाए हैं, जिसमें मिमी (सरोगेट मदर), तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया (ह्यूमोनॉइड रोबोट) और अब क्रू (केबिन क्रू) जैसी भूमिकाएं शामिल हैं।

क्रू ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन दिखाया है और इस तरह से यह कृति की बॉक्स ऑफिस पर सफल होने वाली लगातार दूसरी फिल्म बन गई है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श कहते हैंः कृति की ग्रोथ शानदार है। उनकी यात्रा, जिसमें मिमी के लिए नेशनल अवॉर्ड भी शामिल है, उनकी लगन और मेहनत को दर्शाती है। साल की पहली छमाही में लगातार हिट फिल्मों के साथ, दीपिका पादुकोण, आलिया भट्ट और कियारा आडवाणी सहित बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में कोई शक नहीं है। कृति सेनन जो की बॉक्स ऑफिस पर नंबर्स में बदलाव लाने वाली फैक्टर हैं, वह इंडियन सिनेमा में बड़ा बदलाव लाने वाली हैं।



हॉलीवुड मसाला

# 6 करोड़ में बिका दरवाजा



**लॉस एंजिलस।** सिनेमा में जब भी लव स्टोरीज की बात आती है, ‘टाइटैनिक’ का नाम लोगों को अपने आप याद आ जाता है। सिनेमा की ग्रेटेस्ट लव स्टोरीज में शामिल ‘टाइटैनिक’ जितनी रोमांटिक कहानी लेकर आई थी। इसका अंत भी उतना ही ट्रैजिक था। दुनिया का सबसे बड़ा शिप डूबने के बाद, उसमें सवार दो प्रेमी पानी में डूब रहे हैं। जैक अपनी प्रेमिका को बचाने की हर कोशिश कर रहा है और समंदर के पानी पर तैर रहे लकड़ी के एक ‘दरवाजे’ पर चढ़ा देता है। रोज बच जाती है और बर्फीले पानी में गले तक डूबा जैक कुछ घंटे बाद दुनिया से विदा ले लेता है।




# विन डीजल की दीपिका के साथ दिखी लाजवाब केमिस्ट्री

**लॉस एंजिलस।** विन डीजल ने अपने प्रशंसकों को हैरान कर दिया जब उन्होंने दीपिका पादुकोण और फिल्म निर्माता डीजे कारुसो के साथ अपनी एक अनदेखी तस्वीर साझा की। यह तस्वीर उस समय की है जब वह साल 2017 में अपने भारत दौरे पर फिल्म ‘एक्सएक्सएक्सः रिटर्न टू जेंडर केज’ का प्रचार कर रहे थे। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण लीडिंग लेडी थीं और ऐसे में दोनों ने जमकर अपनी फिल्म की प्रमोशन्स की थी। अब ये अनदेखी तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। उस दौरान भी दोनों की कमाल की केमिस्ट्री देखने को मिली थी। सामने आई तस्वीर में विन डीजल एक ऑटो के बगल में खड़े होकर दीपिका को बड़े ही प्यार से ब्लेजर पहना रहे हैं। एक्टर और दीपिका के बीच सामंजस साफ देखने को मिल रहा है। बता दें, विन डीजल अपनी ‘फास्ट एंड फ्यूरियस’ सीरीज के लिए लोकप्रिय हैं। उन्हें आखिरी बार ‘फास्ट एक्स’ में देखा गया था, जो पिछले साल रिलीज हुई थी।



# एकता को फिर सता रहा ट्रोलिंग का डर

**मुंबई।** निर्माता एकता कपूर इन दिनों जहां अपनी फिल्म ‘क्रू’ को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं, वहीं उनकी फिल्म ‘लव सेक्स और धोखा 2’ भी खूब सुर्खियों में है। पिछले दिनों एकता ने ऐलान किया कि वह इस फिल्म के जरिए एक ट्रांसजेंडर को बॉलीवुड में मौका दे रही हैं। हाल ही में एकता ने अपनी इस फिल्म पर बात की और साथ ही बताया कि अपनी इस फिल्म की रिलीज के बाद वह कहीं छिपने की तैयारी में हैं। वैराइटी से एकता ने कहा, फिल्म ‘थैंक यू फॉर कमिंग’ का प्रीमियर टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ था। वहां सबने इस फिल्म को काफी सराहा था, लेकिन यहां भारत में उसी फिल्म की वजह से हमें काफी ट्रोल किया गया। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया पर हमारे लिए कितनी घृणापूर्ण बातें लिखी गई थीं, इस बात का आप अंदाजा नहीं लगा सकते हैं।



# ‘एनिमल’ के बाद फीस में हुआ इजाफा

**मुंबई।** इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्म रामायण लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है और फैन्स इसके पल-पल के अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। एनिमल के सुपरहिट होने के बाद रणबीर कपूर रामायण में राम का किरदार निभाने वाले हैं। वहीं, साई पल्लवी और यश मुख्य भूमिका में होंगे। फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है और इस महान रचना ने प्रशंसकों को फिल्म का बेसब्री से इंतजार कराया है। रामायण की पहली किस्त 2025 में रिलीज होने की उम्मीद है।आमतौर पर रणबीर हर फिल्म के लिए 75 करोड़ रुपए चार्ज करते हैं लेकिन रामायण के लिए उन्होंने 225 करोड़ रुपए चार्ज किए हैं। फिल्म में रणबीर भगवान राम का किरदार निभाएंगे। साई पल्लवी ने 6 करोड़ रुपए लिए।

# ‘हीरामंडी’ : तवायफों के प्यार, ताकत आजादी और शान-ओ-शौकत की कहानी



**मुंबई।** इस साल कई वेब सीरीज दर्शकों के बीच आने वाली है, लेकिन संजय लीला भंसाली की ‘हीरामंडी’ को लेकर दर्शकों के बीच एक अलग ही उत्साह है और हो भी क्यों न, भंसाली इसके निर्माण और निर्देशन से जो जुड़े हैं। इससे जुड़ीं अब तक कई रोचक जानकारियां सामने आ चुकी हैं, वहीं सीरीज से सामने आई अभिनेत्रियों की झलक ने भी इसकी रिलीज को लेकर दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया है। अब ‘हीरामंडी’ का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

### बड़े करीब से दिखाया तवायफों का जीवन और संघर्ष

‘हीरामंडी’ का ट्रेलर देख तो ऐसा ही लग रहा है कि भंसाली लाहौर में बसे शाही मोहल्ले हीरामंडी में बसीं रानियां सरीखीं तवायफों की एक शानदार कहानी दर्शकों के बीच लेकर आने वाले हैं। तवायफों की दास्तां बेहद करीब से बयां करती इस सीरीज में मनीषा कोइराला से लेकर सोनाक्षी सिन्हा तक का अंदाज और अदाकारी देखने लायक है, वहीं उनके दमदार डायलॉग भी ध्यान खींच रहे हैं। उधर हीरामंडी का सुंदर और आलीशान सेट भी देखते ही बनता है।

### सीरीज को लेकर उत्साहित हैं भंसाली


भंसाली कहते हैं, मैं बड़ी फिल्में बनाता हूं और यह मेरे लिए स्वाभाविक है, लेकिन जब मैं ओटीटी पर आया तो मैंने कुछ बड़ा किया। यह अब तक का मेरा सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है, इसलिए मैंने यह किया। यह एक फिल्म देखने जैसा होगा। उनके मुताबिक, यह सिर्फ एक सीरीज नहीं, बल्कि एक दुनिया है और मैं दुनियाभर के दर्शकों के लिए नेटफ्लिक्स पर ‘हीरामंडी’ के दुनिया में ले जाने के लिए तैयार हूं। मैं इसके लिए बेहद उत्सुक हूं।

### ये कलाकार भी हैं सीरीज का हिस्सा

*इस सीरीज में ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, अदिति राव हैदरी, फरदीन खान और अध्ययन सुमन, शेखर सुमन और ताह शाह जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। इसमें देश की आजादी के दौरान तवायफों की जीवनशैली उनके संघर्ष के बारे में दिखाया जाएगा, जैसा कि ट्रेलर में भी दिख रहा है। यह सीरीज उस दौर में लेकर जाएगी, जब हमारा देश आजादी के लिए लड़ाई लड़ रहा था और उसी दौरान एक हीरामंडी जैसा लोक भी था।*

बाघिन में अग्नि का किरदार निभाने वाले एक्टर ने किया खुलासा


# सार्थक भूमिकाओं के लिए हमेशा उत्सुक रहते हैं कृप सूरी



**मुंबई।** अपने काम के प्रति अपने प्यार और जुनून पर बात करते हुए एक्टर कृप सूरी ने कहा, टेलीविजन पर काम करना हमेशा से मेरा जुनून रहा है। मुझे टेलीविजन में प्रतिष्ठित निर्माताओं के साथ सहयोग करने का सौभाग्य मिला है और वर्षों से असाधारण परियोजनाओं का हिस्सा बनने का भी मौका मिला है। उन्होंने कहा, मैं वेब शो और अन्य परियोजनाओं जैसे विभिन्न प्रोजेक्ट में व्यस्त रहा, हो सकता है कि महत्वपूर्ण टेलीविजन भूमिकाएं हासिल करने के लिए यह समय अनुकूल न हो। कृप ने कहा, वह लगातार सार्थक भूमिकाओं के लिए उत्सुक रहते हैं। बता दें कि कृप फुलवा, उतरन, लाल इश्क और फनाः इश्क में मरजावां जैसे टीवी शो का हिस्सा रहे हैं।

### मजबूत किरदार के साथ लौटा हूं

कृप सूरी ने कहा, अब जब मैं शो बाघिन के साथ एक मजबूत किरदार के रूप में लौट आया हूं तो मैं इंडस्ट्री में अपने सहयोगियों को एक संदेश देना चाहता हूं। मैं उनसे भूमिकाओं के लिए मेरे बारे में विचार करने का आग्रह करता हूं क्योंकि मैं अपनी टेलीविजन यात्रा जारी रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। एक्टर ने आगे कहा, यह वह माध्यम है जो मेरे लिए सबसे अधिक महत्व रखता है, और मैं इसका अभिन्न अंग बने रहने के लिए तैयार हूं। यह शो अनेरी द्वारा निभाए गए किरदार गौरी के इर्द-गिर्द घूमता है, जो एक साधारण लड़की है जो वीर (जीशान खान) से प्यार करती है, लेकिन अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण उसे वीर के भाई देवा (अंश बागरी) से शादी करनी पड़ती है।



# नया अवतार रहा दिल जीतने में कामयाब

**मुंबई।** अपकमिंग वेब सीरीज ‘हीरामंडीः द डायमंड बाजार’ में सोनाक्षी सिन्हा का अवतार भी लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहा। भंसाली की ये वेब सीरीज बहुत जल्द ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। इसी बीच सामने आए गाने तिलस्मी बाहें जो सोनाक्षी सिन्हा पर फिल्माया गया है, जिसे देखकर उनके रुमर्ड बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल ने ‘हीरामंडी : द डायमंड बाजार’ के गाने ‘तिलस्मी बाहें’ में एक्ट्रेस की परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की है। इंस्टाग्राम पर जहीर ने ‘तिलस्मी बाहें’ का वीडियो शेयर किया और तारीफ करते हुए पोस्ट में लिखा, “कुछ चीजें इतनी इंस्पाइरिंग होती हैं कि कहानी बन जाती हैं। अपनी बात आगे रखते हुए जहीर ने लिखा, यहां किसी चीज और किसी व्यक्ति की पोस्ट है, जो मुझे प्रेरित करती है। मतलब, बस इसे देखो यार कमाल सच में मतलब सच में बस वाह, वाह। फरीदन कातिल तिलस्मी का मतलब जादू यानी तुम सोनाक्षी।” बता दें कि संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित अपकमिंग स्ट्रीमिंग सीरीज ‘हीरामंडी’ का यह दूसरा गाना है, जो सामने आया है। लोगों ने इस गाने को काफी पसंद किया था। जहीर के पोस्ट पर सोनाक्षी ने कमेंट सेक्शन में इमोशनल इमोजी शेयर किया। अदिति राव हैदरी ने लाल दिल वाला इमोजी पोस्ट किया।

# ओटीटी पर इस हफ्ते एंटरटेनमेंट का लगेगा तड़का

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते नेटफ्लिक्स, प्राइम वीडियो और अन्य जैसे स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर कई फिल्में और सीरीज रिलीज होने जा रही हैं।मनोरंजन के शौकीन दर्शकों के लिए यह सप्ताह एंटरटेनमेंट से भरा रहने वाला है। हर भाषा और हर जॉनर की फिल्मों आपको हफ्ता शानदार बनाने के लिए आ रही है। इस सप्ताह ओटीटी प्लेटफार्मों पर रिलीज होने वाली वेब सीरीज और मूवीज ये हैं।

## ये सीरीज-फिल्में होंगी रिलीज

### अमर सिंह चमकीला

इम्तियाज अली की फिल्म ‘अमर सिंह चमकीला’ में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म लोकप्रिय पंजाबी गायक के जीवन पर आधारित एक बायोपिक है, जिन्हें पंजाब के एल्विस के नाम से भी जाना जाता था। यह फिल्म 12 अप्रैल 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



### लाल सलाम

‘लाल सलाम’ जो सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अच्छा प्रदर्शन किया था। फिल्म में विष्णु विशाल, विक्रांत और सेंथिल मुख्य भूमिकाओं में हैं, साथ ही सुपरस्टार रजनीकांत एक विस्तारित कैमियो में नजर आए। वेबसाइट बिंगेड के मुताबिक, फिल्म 12 अप्रैल को सन एनएक्सटी पर रिलीज होगी।



### प्रेमलु

‘प्रेमलु’ सचिन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दो संभावित रोमांटिक पार्टनर्स के बीच फंस जाता है और इससे जटिलताएं पैदा होती हैं। फिल्म में संगीत प्रताप, श्याम मोहन एम, मीनाक्षी रवींद्रन, अखिला भार्गवन, अल्थफ सलीम, मैथ्यू थॉमस के साथ नसलेन के गफूर और ममीथा बैजू मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म कथित तौर पर 12 अप्रैल को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

### गामी

‘गामी’ एक अघोर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी स्पर्श भुखमरी का इलाज खोजने के लिए हिमालय में एक साहसिक यात्रा पर जाता है। इसमें विश्वक सेन के साथ चांदनी चौधरी, एम जी अभिनय, मोहम्मद समद, दयानंद रेड्डी, हरिका पेदादा, राम्या पसुपुलेटी, शांति राव, मयंक पारख, जॉन कोट्टोली, बोम्मा श्रीधर, रजनीश शर्मा, के आर उन्नीकृष्ण और बी वेंकट रमन राव मुख्य भूमिका में हैं। ‘गामी’ 12 अप्रैल को जी5 पर रिलीज होगी।

### पोन ओन्डू कंडेन

‘पोन ओन्डू कंडेन’ में अशोक सेलवन, ऐश्वर्या लक्ष्मी और वसंत रवि मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म एक शेफ, एक डॉक्टर और एक आम आदमी के बीच प्रेम त्रिकोण पर केंद्रित है। यह 14 अप्रैल को जियो सिनेमा पर रिलीज होगी।

### स्पिरिट रेंजर्स एस3

कहानी अमेरिकी भाई-बहनों की तिकड़ी अर्थात कोडियाक, समर और एडी स्काईसेडर के इर्द-गिर्द घूमता है। ये भाई-बहन जूस नेशनल पार्क की सुरक्षा के लिए स्पिरिट रेंजर्स में बदल जाते हैं। यह शो दोस्ती, प्रकृति और मूल अमेरिकी संस्कृति के विषयों की भी पड़ताल करता है। यह नेटफ्लिक्स पर 8 अप्रैल 2024 को रिलीज हुई।

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने युवाओं को धकेला बर्बादी की ओर

**भिवानी।** कांग्रेस नेता अशोक कादियान ने कहा कि भाजपा शासनकाल में युवा राष्ट्र की तरक्की में अपनी भूमिका अदा करने की बजाए बेरोजगारी की मार झेलते हुए घूमने को मजबूर है, क्योंकि भाजपा सरकार ने रोजगार के साधन खत्म कर युवाओं को बर्बादी की तरफ धकेलने का काम किया है।

### प्रतिभावान छात्राओं को किया सम्मानित

**भिवानी।** सेठ जगन्नाथ राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनाना में मंगलवार को हमारा अपना फाउंडेशन संस्था भिवानी द्वारा बालिका सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक समाज सेवी सचिन जैन ने की। विद्यालय की प्राचार्या सुदेश चौहान ने संस्था के सभी सदस्यों का स्वागत किया। संस्था की ओर से विद्यालय की सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

### मतदान करने और वोट बनवाने को किया प्रेरित

**भिवानी।** लोकतंत्र के महापर्व में मतदान कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रति जागरूकता को लेकर जिला में स्वीप अभियान पुरजोर से चल रहा है। एक तरफ जहां शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली जा रही हैं तो वहीं दूसरी ओर सूचनाए जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन मंडली द्वारा विगत लोकसभा चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ के क्षेत्रों में जाकर लोगों को मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पात्र युवा वर्ग को नए वोट बनवाने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है।

### देवसर में महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**भिवानी।** गांव देवसर के बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर में नवरात्रि पर श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कलश यात्रा निकाली, जिसमें महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा ठाकुर शिव मंदिर से कथा स्थल तक पहुंची। नौ दिवसीय कथा में योगेंद्र शशी भारद्वाज कथा का वाचन करेंगे। कथावाचक योगेंद्र ने कहा कि हिंदू रीति के अनुसार जब भी कोई पूजा की जाती है तो उसमें कलश की स्थापना करना अनिवार्य है, क्योंकि कलश को मानव शरीर का प्रतीक माना जाता है।

### निकाली जय भवानी जय भिवानी रथयात्रा

**भिवानी।** नवरात्रों के शुभारंभ पर भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा मंगलवार को शहर में तीसरी जय भवानी-जय भिवानी रथ यात्रा का आयोजन किया, ये यात्रा शहर के विभिन्न चौराहों से होते हुई छोटी काशी के विभिन्न मंदिरों में पहुंची, जहां पर रथयात्रा का श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। संघ के अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय कवि राजेश चेतन ने बताया कि जय भवनी-जय भिवानी रथ यात्रा मंगलवार को सुबह 11 बजे नकीपुर में पहाड़ी माता मंदिर से शुरू हुई।

### नशा मुक्त संदेश को लेकर रथयात्रा रवाना

**भिवानी।** युवाओं के मजबूत कंधों पर देश का भविष्य टिका हुआ है, यदि युवा पथ भ्रष्ट होकर सामाजिक बुराईयों के दलदल में फंस जाएगा तो राष्ट्र की तरक्की पर ब्रेक लग जाएगा, ऐसे में युवाओं को सामाजिक बुराइयों के दुष्प्रभाव बताने के उद्देश्य से युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट विक्रमी संवत-2081 एवं नवरात्र के प्रारंभ पर पीढ़ी एवं परंपरा बचाओ कार्यक्रम के तहत हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम से जागरूकता रथयात्रा बालयोगी महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में रवाना हुई।

### गुप्ता ने बच्चों को भेंट किए स्कूल बैग

**भिवानी।** नए सत्र की शुरूआत होते ही श्रीराम पाठशाला के बच्चों के लिए सभी जरूरत की सामग्री आनी शुरू हो गई है, दिल्ली निवासी अजय गुप्ता रोहिणी ने 300 बच्चों के लिए स्कूल बैग भेजे।

---

### प्राइवेट प्ले स्कूलों का पंजीकरण अनिवार्य, बिना पंजीकरण होगी कार्रवाई: डीसी

# बच्चों का दाखिला पंजीकृत प्ले स्कूलों में ही करवाएं : उपायुक्त

आवेदनों की जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा गठित कमेटी प्ले स्कूलों की जांच करेगी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी किए निदेर्शों के अनुसार जिले में चल रहे प्राइवेट प्ले स्कूलों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है तथा बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला केवल पंजीकृत प्ले स्कूलों में ही करवाएं। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि एनसीपीसीआर द्वारा प्ले स्कूल की नई गाइड लाइन जारी की है। उन्होंने गाइड लाइन के अनुसार अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का दाखिला करवाने से पहले प्ले स्कूल की मान्यता की जांच अवश्य कर लें। उन्होंने जिले के सभी प्राइवेट स्कूल संचालकों से आह्वान किया कि वे प्राइवेट प्ले स्कूल का महिला एवं बाल विकास विभाग के दिशा निदेर्शों के अनुसार जल्द पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें, अन्यथा बिना पंजीकरण के चल रहे प्ले स्कूलों को नियमानुसार बंद करवा दिया जाएगा। जिले के सभी प्राइवेट प्ले स्कूल जो छह वर्ष से कम आयु के बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे है। प्ले स्कूल संचालक पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के पते पर भिजवा सकते हैं। आवेदनों की जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा गठित कमेटी प्ले स्कूलों की जांच करेगी।

उन्होंने कहा कि प्ले स्कूल की हर वर्ष मान्यता रिन्यू करवाना अनिवार्य है। प्ले स्कूल अगर नियमों अनुसार नहीं चलाए जा रहे तो उन्हें बंद करवाया जाएगा। जिले में प्राइवेट प्ले स्कूलों के मापदंड और दिशा निर्देशों की पूर्ति करने वाले सभी प्ले स्कूलों का पंजीकरण किया है। हरियाणा शिक्षा बोर्ड व केंद्रीय शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों को महिला एवं बाल विकास विभाग से प्ले स्कूल चलाने के लिए मान्यता लेनी होंगी।



**भिवानी।** प्ले स्कूलों में दाखिले के लिए जागरुक करती वर्कर्स।

### रेडीनेस मेले का आयोजन

**भिवानी।** ढाणी गुजरानी एरिया में प्ले स्कूल में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के नामांकन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भव्य रेडीनेस मेले का आयोजन किया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार कर्मचारियों द्वारा बच्चों के अभिभावकों को बच्चों के नामांकन प्रति अधिक से अधिक प्रेरित किया। ये रेडीनेंस मेला विभाग की सुपरवाइजर अनिता नरवाल की अध्यक्षता में हुआ। सुपरवाईजर अनिता ने अभिभावकों को वर्षभर में बच्चों द्वारा किए गए मौखिक व लेखन अभ्यास के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा चलाए जा रहे प्ले स्कूल में तीन से चार वर्ष, चार से पांच वर्ष, पांच से 6 वर्ष तक के बच्चों को अलग-अलग आयु के समूह के बच्चों से क्रियाएं आयोजित करवाई जाती है। प्ले स्कूल के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में पढ़ना व लिखना सिखाया जाता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को प्ले स्कूल में अवश्य भेजे तथा खुद भी अपने बच्चों के विकास एवं उनके पोषण में सहायक बनें।

---

### दुर्गा पूजा महोत्सव पर के एम पब्लिक स्कूल में रामचरितमानस अखंड पाठ का शुभारंभ



**भिवानी।** केएम पब्लिक स्कूल में नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में नवरात्र पूजन के साथ रामचरितमानस अखंड पाठ का शुभारंभ किया गया। नवरात्र उत्सव की शुरुआत विद्यालय परिसर में विद्यालय प्रबंधक आनंद बासिया, प्राचार्या रेनू सैनी, उप.प्राचार्या नीलम गौतम, प्रबंधन समिति सदस्य अमिता शर्मा व सुनील शर्मा तथा प्राथमिक विंग प्रभारी अंजु पोपली ने मिलकर कलश पूजन व स्थापना करके की। तत्पश्चात माँ दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके रामायण पाठ किया गया। सभी ने मिलकर माँ दुर्गा तथा रामायण आरती की तथा विद्यालय के चहुँमुखी विकास के साथ.साथ सबके शुभ व मंगल की प्रार्थना की। तत्पश्चात सभी स्टाफ सदस्यों में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक ने कहा कि हिंदू धर्म में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है, यह पर्व चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से मनाया जाता है। नौ दिनों तक माँ दुर्गा के नव रूपों की पूजा.अर्चना करने से देवी माँ की कृपा बनी रहती है। इसी दिन से हिंदू नव वर्ष का भी शुभारंभ हो जाता है इसीलिए नवरात्र पूजन व रामायण अखंड पाठ से शिक्षकों व विद्यार्थियों की आध्यात्मिक उन्नति भी

### व्यक्ति प्रभु एवं गुरु कृपा से कभी भी बुराइयां छोड़ अच्छाई प्राप्त कर सकता हैं: सरस्वती



**भिवानी।** श्रीराम सामाजिक सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीराम रसामृत महोत्सव के प्रथम दिवस पर बालयोगिनी विभानन्द सरस्वती ने कहा कि व्यक्ति प्रभु एवं गुरु कृपा से कभी भी अपनी बुराईयां छोड़कर अच्छाई की प्रकाष्टा प्राप्त कर ब्रह्मऋषि के समान बन सकता है। गोस्वामी तुलसीदास के चरित्र का सुन्दर वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि लगभग 77 वर्ष की आयु में आपने रामचरित मानस लिखा, जो हर युग में अपने जीवन में धारण करने योग्य सद्ग्रन्थ सत्यं शिवं सुन्दरम को चरितार्थ करता है, अकबर के कारागृह में आज भी घर घर में गाई जाने वाली हनुमान चालीसा लिखी हुई हैं। उन्होंने कहा कि रामायण हमें सुन्दर जीवन जीना सिखाती है और भागवत हमें मरना सिखाते है, हमें राम जैसा पुत्र, भाई, मित्र बनने की मयार्दा सिखाती है। इस अवसर पर वीना चावला, ललिता, मीनाक्षी मेहता, बाल अरोड़ा, नीलम चौहान, रेणु गोयल, माया तंवर, सुनील, शशी शर्मा आदि मौजूद रहे।

---

### सनातन समाज की एकजुटता की झलक दिखाता हिंदू नववर्षः कपिल

**भिवानी।** विक्रमी संवत-2081 के अवसर पर मंगलवार को चौधरी सुरेंद्र सिंह पार्क में जेसीआई भिवानी स्टार द्वारा प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी नरेंद्र भारद्वाज व जेसी चेतन गर्ग के निर्देशानुसार कार्यक्रम का आयोजन किया। जेसीआई के पदाधिकारियों ने पार्क में नागरिकों को चंदन का तिलक लगाकर हिंदु नववर्ष की बधाई दी तथा उन्हें प्रसाद वितरित किया। जेसीआई के सचिव जेसी कपिल शर्मा ने कहा कि हिंदु नववर्ष का पहला दिन सृष्टि का आरंभ दिवस, युगाब्द और विक्रम संवत जैसे प्राचीन संवत का प्रथम दिन है। उन्होंने कहा कि इसी दिन भगवान श्रीराम एवं युधिष्ठिर का राज्याभिषेक हुआ था।

### केंद्रीय मंत्री रूपाला की राजपूत समाज पर की गई टिप्पणी निंदनीय



**भिवानी।** राजपूत समाज व राजे-रजवाडों को लेकर की गई टिप्पणी के चलते केंद्रीय मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला का बड़े स्तर पर विरोध हो रहा है तथा देश का प्रत्येक नागरिक उनके बयान पर माफी मांगने व भाजपा सरकार से उन्हें बर्खास्त करने की मांग कर रहा है। इसी कड़ी में अधिवक्ता भी केंद्रीय मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला के विरोध में उतरे। मंगलवार को कोर्ट परिसर में जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अधिवक्ता सत्यजीत पिलानिया के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने केंद्रीयमंत्री के निदंनीय ब्यान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ता पिलानिया ने कहा कि देश की रक्षा एवं सुरक्षा में राजपूत समाज का अहम योगदान रहा है, राजपूत समाज के वीर योद्धाओं ने विदेशी ताकत से भारत की रक्षा करने का काम किया, यहां तक कि देश की रक्षा करते हुए राजपूत समाज के अनेक योद्धाओं ने सर्वोच्च बलिदान तक दिया, जिनका एहशान देश कभी भी नहीं चुका पाएगा, लेकिन केंद्रीय मंत्री रूपाला के निदंनीय ब्यान ने राजपूत समाज के योद्धाओं का अपमान किया है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पिलानिया ने कहा कि केंद्रीय मंत्री रुपाला को ऐसी औच्छी सोच व भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

## कांग्रेस नेता ने मंडी का किया दौरा

- खरीद की बाट जौह रही किसानों की सरसों मंडियों में पड़ी खराब हो रही है, जिसके चलते अन्नदाता परेशान है: जयसिंह वाल्मीकि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

एक तरफ भाजपा सरकार किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदे जाने का दम भरती है, वहीं जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर हैं। आज खरीद की बाट जौह रही किसानों की सरसों व गेहूं मंडियों में पड़ी खराब हो रही है, जिसके उठान के आदेश सरकार द्वारा नहीं दिए जा रहे, जिसके चलते अन्नदाता परेशान है, ये बात कांग्रेस नेता जयसिंह वाल्मीकि ने मंगलवार को कस्बा बवानीखेड़ा की अनाजमंडी का दौरा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते किसान परेशान है। पहले तो अन्नदाताओं को सरकार की किसान विरोधी नीतियों का सामना करना पड़ा, उसके बाद जैसे-तैसे करके किसान अपनी फसल को मंडियों तक लाता है तो उसके बाद भी किसानों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले लेती तथा उन्हें फसल उठान की समस्या से दो-चार होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि फसल मंडी में पहुंचने के बाद पोर्टल समस्या बनी हुई है, जिसके चलते सरसों व गेहूं का उठान नहीं हो पा रहा। इस मौके पर सुरेश बड़सी, नरेश शर्मा, अंकुश कांगड़ा, राममेहर बल्हारा, जयपाल, बलवंत, फूल सिंह देशवाल व वेदकुमार सांगवान आदि मौजूद रहे।



बवानीखेड़ा। अनाजमंडी का दौरा करते कांग्रेस नेता जयसिंह वाल्मीकि। फोटो : हरिभूमि

### हल्कावासियों ने राजेंद्र धानक को याद किया

**बवानीखेड़ा।** चौधरी अमर सिंह धानक की जयंती धूमधाम तरीके से बवानी खेड़ा के कमाल मंदिर में मनाई गई। उनका जन्म 7 अप्रैल 1930 को हुआ था। उनकी जयंती को धानक के गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। जयंती समारोह में पूरे हरियाणा प्रदेश से सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

जयंती के मुख्य अतिथि चौधरी अमर सिंह धानक के सुपौत्र नमन राजेंद्र धानक ने बताया कि मैं अपने दादा चौधरी अमर सिंह धानक जी के नक्शे कदम पर चलूंगा और उनके छोड़े गए अधूरे कार्य को पूरे करूंगा। इस अवसर पर हल्का वासियों ने अमर सिंह धानक के पुत्र राजेंद्र धानक को भी याद किया। इसी दिन स्व राजेंद्रधानक का भी जन्मदिन था।।

---

## दिव्यांगजनों को उपलब्ध करवाई जाएगी व्हील चेयर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

- दिव्यांगजनों को मतदान करने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी : उपायुक्त

लोकसभा चुनाव में दिव्यांगजनों को मतदान करने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। मतदान केंद्रों पर दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए व्हील चेयर उपलब्ध रहेंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल ने दिव्यांगजनों के लिए जरूरी सहायता प्रदान करने को लेकर जिला के सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों के साथ.साथ जिला रेडक्रॉस सोसायटी और समाज कल्याण विभाग को निर्देश जारी कर दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के लिए 25 मई को मतदान होगा। जिला भिवानी के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 16 मार्च 2024 तक कुल 8 लाख 66 हजार 222 मतदाता हैं, जिनमें से 4 लाख 58 हजार 472 पुरुष एवं 4 लाख 7 हजार 742 महिला मतदाता हैं। जिला में 912 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी नरवाल द्वारा निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग से जिला में 8782 दिव्यांगजनों की सूची प्राप्त हुई है।

## विजय संकल्प रैली में उमड़ेगा जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि 11 अप्रैल को हुडा पार्क में होने वाली विजय संकल्प रैली भीड़ के लिहाज से जबरदस्त रैली होगी। विजय संकल्प रैली में जन सैलाब उमड़कर इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगी।

चूंकि रैली के प्रति लोगों में जबरदस्त उत्साह है। इस दौरान सीएम नायब सैनी ताजपोशी के बाद पहली बार भिवानी पहुंचने पर उनके स्वागत में पलकें बिछाई जाएगी। वे आज विजय संकल्प रैली की सफलता को लेकर अपने कार्यालय में समर्थकों की आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। विधायक श्री सर्राफ ने कहा कि पहले सीएम मनोहर लाल और अब सीएम नायब सैनी का भिवानी के साथ विशेष लगाव है। वे भिवानी के चहुंमुखी विकास के लिए वचनबद्ध है। आचार संहिता हटते ही फिर से विकास कायारे् में तेजी लाई जाएगी। सार्वजनिक विकास कायारे् के लिए सरकारी खजाने लबालब है। उन्होंने कहा कि सीएम बनने के बाद नायब सैनी पहली बार भिवानी में पहुंच रहे है। उनके भिवानी पहुंचने पर जबरदस्त स्वागत व सम्मान किया जाएगा। सीएम के आगमन को लेकर हलके की जनता में भी उत्साह है। लोगों के उत्साह को देखते हुए रैली अभी तक सभी रैलियों का रिकार्ड तोड़ देगी।



**भिवानी।** विजय संकल्प रैली को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते विधायक घनश्याम सर्राफ।

## नारनौंद व खेड़ी चौपटा की अनाज मंडी में नहीं हो रही सरसों खरीद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद

- किसान परेशान, समाधान नहीं होने पर रोड जाम करने की दी चतावनी

नारनौंद व खेड़ी चौपटा की अनाज मंडी में जहां एक तरफ सरसों की आवक तेज होती जा रही है, वहीं किसानों को अपनी फसल बेचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान अपनी सरसों की फसल को लेकर पिछले कुछ दिनों से नारनौंद की अनाज मंडी में बैठे हुए हैं लेकिन उनकी सरसों खरीदी नहीं जा रही है। इसको लेकर किसानों ने नारनौंद की अनाज मंडी में एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चेतावनी दी है कि अगर अगले दो दिनों में उनकी सरसों नहीं खरीदी गई तो जींद-हांसी रोड को जाम कर देंगे। किसान रामकेश शर्मा, राजेंद्र पेटवाड़, सतीश कुमार, रणबीर सिंह, रामकेश माजरा, सुरेश राजथल, सिद्धार्थ माजरा, शमशेर, बीर सिंह, उदयबीर, फूल शर्मा, जाती राम, महेंद्र सिंह, बीरभान, शंकर, महिपाल व देवेंद्र आदि ने बताया कि वह पिछले कई दिनों से अपनी सरसों की फसल को लेकर नारनौंद की अनाज मंडी में भूखे-प्यासे बैठे हुए हैं। पहले तो अधिकारी उनकी सरसों की खरीद को लेकर बहाने बाजी करते रहे। कुछ ढेरियां सोमवार को खरीदी गई थी लेकिन उनको तोला नहीं जा रहा। मार्केट कमेटी के अधिकारियों की तरफ से यह बताया जा रहा है कि पहले उनके पास एक कट्टे में 45 किलोग्राम सरसों की खरीद के लिए आदेश थे लेकिन सोमवार को उन्हे 50 किलोग्राम कट्टे में खरीद के आदेश आ गए हैं। अब उनके पास 45 किलोग्राम का बारदाना उपलब्ध है लेकिन 50 किलोग्राम का बारदाना उनके पास उपलब्ध नहीं है।

---

### एसडीएम ने मतदान जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर

# 25 मई को वोट से मजबूत करें लोकतंत्र: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने लोकसभा निर्वाचन के लिए 25 मई को मतदान के दिन मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अपील की। एसडीएम ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है, लोकतांत्रिक व्यवस्था में आम नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इसके साथ-साथ आसपास के सभी नागरिकों को इसके लिए जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। एसडीएम मंगलवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। एसडीएम ने छात्राओं द्वारा निकाली गई मतदान जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसडीएम दलाल ने छात्राओं का आह्वान किया कि लोकसभा चुनाव में सभी निडर व निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान करें और किसी के बहकावे में न आएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 25 मई को लोकसभा चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में सभी मतदाता अपने मत का अवश्य प्रयोग करें व सही व्यक्ति को ही चुनें। उन्होंने कहा कि हम अपने मत का प्रयोग कर अपना प्रतिनिधि चुनकर संसद में भेजते हैं, जो हमारे समाज व देश के लिए कानून बनाते हैं। इस मौके पर स्वीप टीम के सदस्य डॉ. सुरजीत सिंह, कैप्टन जसवंत सिंह, सुपरवाइजर मनोज सांगवान, चौ. बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय से जयपाल शास्त्री, राजेन्द्र सिंह, चंद्रकांत सिंह आदि मौजूद रहे।



**तोशाम।** जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते एसडीएम दलाल।

### सरकारी कार्यालयों में दिलाई मतदान की शपथ

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम के मार्गदर्शन में क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों, स्कूलों, सरकारी कार्यालयों में करीबन 25 हजार छात्र-छात्राओं, सरकारी कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा मतदान की शपथ दिलाई गई और अपने मत के माध्यम से सही व्यक्ति का चुनाव करने की अपील की।

**सूचना**

मैं, देवीलाल पुत्र श्री मुरारी लाल निवासी नजदीक भारत आईस फैक्टरी, सिवानी रोड, तोशाम, जिला भिवानी बयान करता हूं कि मेरा पुत्री कविता देवी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ढाणा नरसान खंड भिवानी में पंचायती जमीन में सुखे पेड़ खड़े व पड़े है। दिनांक 15.04.2024 को सुबह 10:00 बजे नीलामी की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति गांव ढाणा नरसान में मौके पर पहुँच कर नीलामी में भाग लेवें। मौके पर सिक्योरिटी 10,000/- (दस हजार) रूपये व बाकी राशि बोली छोड़ने के तुरंत बाद ली जाएगी। शर्तें मौके पर सुना दी जाएगी।

हस्ता/- सरपंच श्री अनुज
ग्राम पंचायत ढाणा नरसान
मो-9992146853

## खबर संक्षेप



भिवानी। दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पूजन में भाग लेते श्रद्धालु।

### नवदुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू

**भिवानी।** मिनी बाइपास स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में 15 अप्रैल को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य मंगलवार से प्रारंभ हो गया। इस मौके पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का मंगलवार को कलश यात्रा, पंचांग पूजन व मंडप प्रवेश के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में मंदिर की प्रबंधक उर्मिला सुरेश सैनी सहित अन्य भक्त मौजूद रहे। कार्यक्रम में सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम के पीठाधीश्वर अंतर्राष्ट्रीय श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी महाराज का सान्निध्य रहेगा।



भिवानी। ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में का भ्रमण करते विद्यार्थी व कर्मचारी।

### विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विवि के जंतु विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने 29 मार्च से दो अप्रैल तक ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में शिक्षा यात्रा एवं स्वच्छता अभियान चलाया। विवि की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी एवं कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह के संयुक्त दिशा निर्देशन में विवि के जन्तु विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों द्वारा ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क का शैक्षणिक भ्रमण किया। विवि के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में कचरा मुक्त स्वच्छता अभियान चलाया।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में अधीक्षक अभियंता से मिले लोग

# सीवर व पेयजल समस्या का समाधान करने की मांग रखी

भिवानी शहर की कृष्णा कॉलोनी में कई सालों से पेयजल स्पलाई में आ रहा है सीवरेज का पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



भिवानी। सीवरेज व पीने के पानी की मांग को लेकर एसई से मिलते शहर के पार्षद।

पार्षद प्रतिनिधि एंव भाजपा जिला उपाध्यक्ष हर्षदीप डुडेजा के नेतृत्व में शहर में गणमान्य लोग पब्लिक हेल्थ के अधीक्षक अभियंता से मिला। हर्षदीप डुडेजा ने पब्लिक हेल्थ अधीक्षक अभियंता के सामने शहर में सीवर ऑवरफ्लों, पेयजल आपूर्ति नही होना व आगे बरसात के मौसम को देखते हुए शहर के सभी बरसाती नाले सफाई करवाने की मांग रखी। साथ ही उन्होंने मांग रखी कि भिवानी शहर की कृष्णा कॉलोनी में पिछले कई सालों से लोगों के घरों में सीवरेज का पानी मिलकर पेयजल सप्लाई हो रही है, जिसका तुरंत प्रभाव से समाधान किया जाए। अधीक्षक अभियंता को हर्षदीप ने बताया कि सीवरेज सील्ड निकालर उनकी सफा ई करवाई जाए। उन्होंने कहा कि आज पब्लिक हेल्थ अधीक्षक अभियंता के सामने शहर के लोगों को आ रही परेशानियों को रखा है, उन्होंने सभी परेशानियों को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने अधीक्षक अभियंता से मांग कि शहर के लोगों को आ रही परेशानियों का मौके पर जायजा लेकर दूर किया जाए। डुडेजा ने कहा कि अगर फिर भी भिवानी प्रशासन शहर के लोगों की परेशानी दूर नही होती है तो 11 अप्रैल को भिवानी आगमन पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आगे रखा जाएगा। इस दौरान योगगुरू आत्मप्रकाश टूटेजा, संजय जोशी सहित अनेक शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सीवर फ्लो एरिया को चिंहित करें अधिकारी

अधीक्षक अभियंता ने मौके पर एसडीओ व जेई को बुलाकर शहर में सीवर ऑवरफ्लों वाले एरिया चिन्हित करके उसको ठीक करने के आदेश दिएए वही उन्होंने एसडीओ व जेई को सख्त निर्देश दिए कि बरसात के मौसम से पहले शहर के सभी बरसाती नालों की सफाई बक्ट मशीन से करना सुनिश्चित करें ताकि शहर के लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। हर्षदीप डुडेजा ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा की शहर की लोगों की परेशानी को अधिकारियों के सामने रखते हुए उनको दूर करवाएं।

## मांगों को लेकर हुडा के कार्यकारी अभियंता से लोगों ने की मुलाकात

■ कार्यकारी अभियंता बोले : जल्द होगा पार्कों का जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



भिवानी। सेक्टर की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

मंगलवार को नगरपरिषद के पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल सेक्टर व हुडा से संबंधित समस्याओं को लेकर हिसार पहुंचकर कार्यकारी अभियंता से मिले। शहर के सेक्टरों, काठ मंडी, पत्थर मंडी , मंडी टाऊन शिप तथा शहर के हुडा के अंतर्गत आने वाले पाकार् के जीणार्ेद्धार की मांग की। इस पर कार्यकारी अभियंता ने सीवरेज की समस्या से जल्द निजात दिलाने, शहर के पाकार् के जीणार्ेद्धार करवाने का भरोसा दिलाया। पार्षद सुभाष तंवर ने कार्यकारी अभियंता से काठ, पत्थर मंडी, मंडी टाऊन शिप में नई सीवरेज लाइन डाले जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि सीवरेज लाइन सही न होने की वजह से पानी की निकासी सही ढंग से नहीं हो पाती। जिस पर अधिकारी ने जल्द नई सीवरेज लाइन की प्रपोजल तैयार करवा कर लाइन लाइन डलवाए जाने का आश्वासन दिया। पार्षद संदीप यादव ने कार्यकारी अभियंता भूपेंद्र सिंह को बताया कि सिटी सेंटर में शौचालय का निर्माण करवाए जाने, सेक्टर 13 में जर्जर शौचालयों का जीणार्ेद्धार करवाए जाने, सिटी सेंटर में सफाई कर्मचारी की नियुक्ति करने,सीवरेज की सफाई की मांग की। इस पर अधिकारी ने जल्द ही सीवरेज की सफाई व उसमें जमी गाद निकलवाए जाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान पार्षद संदीप यादव ने शहर स्थित हुडा से संबंधित पाकार् के जीर्णोद्धार करवाए जाने की मांग की। इस पर अधिकारी ने जल्द पाकार् के जीर्णोद्धार करवाए जाने का भरोसा दिलाया।

## हलवासिया विद्या विहार में धूमधाम से मनाया नूतन वर्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



भिवानी। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

हलवासिया विद्या विहार में अभिमन्यु सदन के अंतर्गत चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा तिथि पर भारतीय नववर्ष विक्रमी संवत 2081 बहुत धूमधाम से मनाया। सर्वप्रथम बैंड व पुष्पवर्षा के साथ मुख्य अतिथि, विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का स्वागत कर नववर्ष का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में पूर्व एसडीएम इंद्रसिंह आर्य पधारे। मां शारदा के समक्ष पुष्पार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। माध्यमिक विभाग प्रमुख सुवीरा गर्ग ने अपने उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों को नवसंवत्सर की शुभकामनाएं प्रेषित की। तदुपरांत कार्यक्रम में कक्षा दसवीं की छात्रा पुलकिता शर्मा ने रामधारी सिंह दिनकर द्वारा रचित कविता /"ये नववर्ष हमें स्वीकार नहीं/"सुनाकर वातावरण को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यतिथि ने सभी को नवसंवत्सर की बधाई दी और गायत्री मंत्र व यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के पांच सूत्र बताएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी को कौवे जैसी चेष्टा हो, कुत्ते जैसी नींद, बगुले जैसा ध्यान, अल्पाहारी, गृहत्यागी आदि की महत्ता से परिचित करवाया। प्राचार्य विमलेश आर्य ने कहा कि विद्यार्थियों को सुबह जल्दी उठना चाहिए, जल्दी उठने से विद्यार्थी की आयु ,विद्या, यश व बल में वृद्धि होती है। विद्यालय प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत ने मुख्यतिथि का आभार जताया।

## किसान सभा ने अनाज मंडी का दौरा किया

■ सरसों की खरीद प्रक्रिया की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



भिवानी। सरसों की खरीद का जायजा लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

अखिल भारतीय किसान सभा भिवानी के प्रतिनिधि मण्डल ने भिवानी अनाज मंडी का दौरा किया तथा सरसों की खरीद प्रक्रिया की जानकारी ली।

प्रतिनिधिमण्डल को मंडी में उपस्थित किसानों ने बताया कि अब खरीद प्रक्रिया धीमी की हुई है, क्योंकि पहले से खरीदी गई सरसों का उठान नहीं हो रहा है तथा बारदानें की कमी हो गई है, हजारों क्विंटल सरसों खुले में पड़ी हुई है तथा काफी कटों में भरकर रखी हुई है एक दम ज्यादा सरसों की आवक होने से सरकार व प्रशासन के खरीद प्रबन्ध बौने साबित हो रहे हैं, बेची गई सरसों का भुगतान अटका पड़ा है। किसान सभा के प्रतिनिधि मण्डल सदस्यों रामफल देशवाल, कामरेड ओमप्रकाश, नरेन्द्र धनाना व प्रताप सिंह सिंहमार ने जिला प्रशासन व सरकार से मांग की है कि उन्होंने 1 अप्रैल को जिला अतिरिक्त उपायुक्त भिवानी को ज्ञापन देकर मांग की थी कि सरसों खरीद प्रक्त्रिया,उठान प्रक्त्रिया को तेज किया जाए तथा बेमौशमी बारिश से बचाव के लिए तिरपाल की व्यवस्था की जाए, परन्तु अभी तक सुचारू व्यवस्था नहीं की जा रही है। मार्केट कमेटी के एक अधिकारी ने बताया कि भिवानी मंडी में अभी तक 80 हजार किंवटल सरसों हैफेड द्वारा खरीदी गई है, जिसमें 3500 किसान आए हैं, उन्होंने बताया कि बारदाना आ चुका है, वेयर हाउसिंग कारपोरेशन की बोली जारी है। बेमौशमी बारिश के बचाव के लिए तिरपाल बारे चुप्पी साथ गये, उठान अभी अपेक्षा के अनुसार नहीं हो रहा है। किसान सभा के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन व राज्य सरकार से मांग की है कि उठान, खरीद, भुगतान व सुरक्षा के उपाए तेज किए जाएं ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना आए और किसान व्यापारी का नुकसान भी ना हो।

## नववर्ष पर राष्ट्र कल्याण के लिए पूरे गांव में घूम-घूमकर किया हवन

हरिभूमि न्यूज बाढ़ड़ा

आर्य समाज, आर्य वीर दल एवं ग्राम पंचायत बाढ़ड़ा के तत्वावधान में मंगलवार को भारतीय वैदिक नववर्ष चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर बाढ़ड़ा गांव में घूम.घूम कर हवन किया गया। जिसमें राष्ट्र कल्याण के लिए ग्रामीणों ने आहुतियां डाली।

क्षेत्र के प्रमुख आर्यप्रचारक धर्मगुरु धर्मपाल आर्य धीर शास्त्री की प्रेरणा से आर्यसमाज बाढड़ा द्वारा गांवए इलाके व राष्ट्र के कल्याण की भावना से किए गए इस यज्ञ का शुभारम्भ सुरेन्द्र आर्य के ब्रहमत्व में तथा प्रधान सज्जन सिंह की अध्यक्षता में व आर्यसमाज के संरक्षक बुजूर्ग धावक रामकिशन शर्मा आदि की उपस्थिति में बाढ़ड़ा के लोहारु रोड़ हनुमान मंदिर से किया गया। इस अवसर पर वंदना आर्या शास्त्री व आर्यवीर प्रशांत आर्य ने वैदिक मंत्रों के उचारण के साथ आहुतियां डलवाई। हनुमान मंदिर से शुरु करके पूरे गांव और बाजार में होती हुई हवन वाली गाड़ी आर्यसमाज मंदिर में पहुंची और वहां पूर्णाहुति की गई।

आर्यसमाज बाढड़ा के मंत्री कुलदीप आर्य ने कहा कि हमें भारतवासी होने पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज से अपना देशी नया साल विक्त्रमी संवत शुरू हो रहा है। अपना ये नया साल काल गणना की दृष्टि से सबसे पुराना है।

## जिले के जलघरों के टैंकों में भरा पानी

■ डीसी ने लोगों से की पेयजल व्यर्थ न बहाने एवं बर्बादी को रोकने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी



चरखी दादरी। पानी से भरा हुआ जलघर का टैंक। फोटो :हरिभूमि

दादरी जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अब पेयजल की किल्लत नहीं रहेगी, नहरों में आठ दिन चले पानी के माध्यम से जिले के ज्यादातर जलघरों के टैंको को भरा गया है। जनस्वास्थ्य विभाग ने जलघरों में पानी पहुंचाने का भरसक प्रयास किया है। इस दौरान उपायुक्त स्वयं लगातार पानी को लेकर स्थिति का जायजा लेती रही और संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। उम्मीद है कि लोगों को पेयजल को लेकर परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। जिले से संबंधित विभिन्न जल सेवाएं मंडल के तहत आने वाले जलघरों के टैंकों को पानी से भरने का प्रयास किया गया है और ज्यादातर टैंको को भर दिया गया है। इस प्रयास से गर्मी के मौसम में संबंधित क्षेत्र के लोगों को पेयजल किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा। पानी संरक्षण को लेकर उपायुक्त ने लोगों से पेयजल व्यर्थ न बहाने व पानी की बर्बादी को रोकने की अपील की है। विदित है कि गर्मी बढ़ने के साथ ही सिंचाई विभाग द्वारा विभिन्न मंडलों के तहत आने वाली नहरों के माध्यम पानी की आपूर्ति की गई। सिंचाई विभाग ने पेयजल के लिए पानी उपलब्ध करवाया है। गर्मी के मौसम में पानी की खपत बढ़ना स्वाभाविक है, लेकिन नागरिकों से अपील की कि वे पेयजल की बर्बादी न करें और पानी को व्यर्थ न बहाएं, पानी की कीमत को समझें ।

## पीएम के नेतृत्व में सशक्त व आत्मनिर्भर का सपना हो रहा साकारः वैशाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी



■ मोदी सरकार आतंकवाद के प्रति जीरो टालरेंस का रवैया अपना आगे बढ़ी

प्रधानमंत्री मोदी के शासन में हिंदुस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा को अभूतपूर्व मजबूती मिली, वहीं आतंकवाद के प्रति मोदी सरकार जीरो टालरेंस का रवैया अपना आगे बढ़ी हैं, ये बात भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मीडिया प्रभारी वैशाली तोमर ने कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि अब आतंकी हमलों पर पिछली सरकारों की तरह केवल निंदा-भर्त्सना कर कर्तव्यों की इतिश्री नहीं की जाती, बल्कि सर्जिकल स्ट्राइक एवं एयर स्ट्राइक जैसे सख्त कदम उठाकर आतंकियों को उनके घर में घुसकर मुंहतोड़ जवाब दिया जाता है, ये सब मोदी सरकार में संभव हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय स्तर पर तो देश को सुदृढ़ किया है, विश्व पटल पर भारत के गौरव को बढ़ाने का भी काम किया है। मोदी शासन का मूलमंत्र 'सबका साथ-सबका विकास' ही सर्वस्पर्शी एवं सर्वसमावेशी मॉडल को लेकर आगे बढ़ने वाला है। भाजपा सरकार के शासनकाल में सभी वर्गों का कल्याण हो रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## मिलन एवं सहभोज कार्यक्रम एकता की ताकत का करवाता बोधः श्यामपाल



**भिवानी।** बदलाव वेलफेयर सोसायटी का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में हनुमान ढ़ाणी में सोसायटी द्वारा मिलन समारोह एवं सामूहिक सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया। सोसायटी के सभी पदाधिकारी एकत्रित हुए तथा उन्होंने एक-दूसरे को बधाई देते हुए कार्यो की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के तौर पर सूर्या इंटरप्राईजेज से संजय गर्ग ने शिरकत की। सोसायटी के प्रधान श्यामपाल ने कहा कि सोसायटी का उद्देश्य सामाजिक कार्यो के सहारे समाजहित के संदेश देना है। उन्होंने बताया कि आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया। समारोह के माध्यम से सभी पदाधिकारियों को एक-दूसरे को भली-भांति जानने का मौका मिलता है, इससे सामाजिक एकता व भाईचारे को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि सामूहिक सहभोज कार्यक्रम के माध्यम से परिवार व समाज की एकता की ताकत का बोध करवाने का प्रयास किया गया है।

## रेवाड़ी में होगा टूर्नामेंट का आयोजन

■ कांग्रेस नेत्री मनीषा ने जिला बार एसो. टीम को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी



चरखी दादरी। एडवोकेट्स टीम की प्रतियोगिता के लिए रवाना करती मनीषा सांगवान।

रेवाड़ी में चार दिवसीय एडवोकेट्स टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें चरखी दादरी जिला बार की टीम अपनी चुनौती पेश करेगी। मंगलवार को कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं प्रदेश महासचिव महिला कांग्रेस डॉ. मनीषा सांगवान ने चरखी दादरी कोर्ट परिसर से टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने खिलाड़ियों को जीत के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं बार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने कांग्रेस नेत्री को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। रेवाड़ी में 11 से 14 अप्रैल एडवोकेट्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भाग लेने के चरखी दादरी बार की टीम आज रवाना हुआ। कांग्रेस नेत्री मनीषा ने हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया। उन्होंने खिलाड़ियों को जीत के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि क्रिकेट सामूहिक खेल है, इसमें सामूहिक प्रयास कारगर साबित होता है।

सम्मान | गांव बागनवाला की बेटी ने बढ़ाया गौरव

# कबड्डी में कांस्य पदक जीतकर लौटी नीलम का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम



भिवानी। कांस्य पदक जीतकर लौटी बेटी नीलम को सम्मानित करते भाजपा नेता अनिल शर्मा व अन्य।

गांव बागनवाला की बेटी नीलम ने बिहार के पटना में आयोजित 33वीं सब जूनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य की टीम में शामिल होकर कांस्य पदक जीता, जिसके सम्मान में गांव बागनवाला में ग्रामीणों तथा खेलप्रेमियों ने सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह में भाजपा नेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी अनिल शर्मा ने बतौर मुख्यतिथि पहुंचकर विजेता खिलाड़ी नीलम को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भा ज पा नेता शर्मा ने विजेता खिलाड़ी को शुभकामनाएं दी और आगामी जीवन में गांव, जिला, राज्य का ही नहीं बल्कि ओलम्पिक में पदक लाकर देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। शर्मा ने बागनवाला में चल रहे क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम चरण में गांव लेघां व संडवा की टीम का टॉस करवाकर खेल शुरू करवाया और खिलाड़ियों को प्रेरित कर जीवन में खेलों का महत्व बताया। इस मौके पर राजेश भगासरा, कोच विजेंद्र सिंह, सुरेश लाठर, श्यामलाल तलेजा, ओमप्रकाश, सुनील आदि खेलप्रेमी मौजूद थे।

### कामांड गेम्स में विकास ने जीता स्वर्ण पदक



**भिवानी।** भारतीय सेना में कार्यरत गांव चांग निवासी विकास ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता कमांड गेम्स में स्वर्ण पदक हासिल किया है। विकास ने अपनी जीत का श्रेय गुरूजनों व माता-पिता को दिया है। खिलाड़ी विकास भिवानी के साई में अभ्यास करते थे। वर्ष 2019 में सेना में ज्वाइन के बाद 2022 उधमपुर में गोल्ड मेडल कमांड प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल और 2023 आर्मी गेम्स में हिस्सा लिया। एक अप्रैल से पांच अप्रैल तक रुड़की उत्तराखंड में कमान गेम्स में 60 किलोभार वर्ग में रजत पदक जीतकर सेना और हरियाणा का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में अनेक यूनिट कोर के सैनिकों ने भाग लिया। विकास ने सेमीफाइनल में विरोधी पहलवान को 1-0 से हराकर विजय हासिल की। विकास ने जीत का श्रेय कोच सुरेश को दिया है। विकास के पिता कश्मीर सिंह ने बताया कि विकास सेना से छुट्टी में भी दिन रात अभ्यास करता है ।